www.navpradesh.com

दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 5 | आंचलिक 6 | आंचलिक

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, गुरुवार 10 फरवरी 2022, शुक्ल पक्ष दशमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-11 अंक-03 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

//-- सुविचार --//

सफल लोग कोई अलग काम नहीं करते, वो बस अलग तरीके से काम करते हैं।

आज बेबाक

कर्नाटक के एक कस्बे से उठा हिजाब विवाद जंगल की आग की तरह कई राज्यों में फैल गया है। इसे संयोग नहीं माना जा सकता। यह प्रयोग है। हिजाब विवाद में पाकिस्तान के एक मंत्री फवाद चौधरी भी कूद पड़े है। इसी से स्पष्ट है कि एक बार फिर तिल का ताड़ बनाकर दो समुदायों के बीच वैमनस्यता बढ़ाने की साजिश की जा रही है। यह ठीक है कि किसी को क्या पहनना है यह तय करना उसका अधिकार है लेकिन शिक्षण संस्थानों में तो मैं चाहे कुछ भी पहनूं मेरी मर्जी.... नहीं चलेगी। ड्रेस कोड सभी के लिए अनिवार्य है।

बेरोजगारी और कर्ज के चलते 3 साल में 26 हजार लोगों ने दे दी जान: केंद्र सरकार

नई दिल्ली (ए.)। देश में बेरोजगारी एक बड़ा मुद्दा है और विपक्ष भी इस मुद्दे को लेकर अक्सर केंद्र की मोदी सरकार पर हमलावर रहती है। बेरोजगारी की वजह से कई लोग अपनी जान दे देते हैं। इसी बीच सरकार ने बुधवार यानी 9 फरवरी को संसद में बेरोजगारी की वजह से अपनी जान देने वालों का एक आंकड़ा पेश किया है। सरकार ने राज्यसभा को बताया कि 3 साल के भीतर बेरोजगारी की वजह से 10 हजार

लोगों ने अपनी जान दे दी। इसके अलावा सरकार ने बताया कि 2018 से 2020 के बीच 16,000 से अधिक लोगों ने दिवालियेपन या कर्ज के कारण आत्महत्या की, जबकि 9140 लोगों ने बेरोजगारी के कारण अपनी जान दे दी। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि 2020 में 5,213 लोगों ने दिवालियेपन या कर्ज के कारण 2019 में 5,908 और 2018 में 4,970 लोगों ने आत्महत्या की। एक लिखित सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि 2020 में बेरोजगारी के कारण कुल 3,548 लोगों ने, 2019 में 2,851 और 2018 में 2,741 लोगों ने आत्महत्या की।

गंगा की सफाई का मुद्दा उठा राज्यसभा में

गंगा नदी की बदहाल स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए बुधवार को राज्यसभा में गंगा की स्वच्छता से संबंधित राष्ट्रीय गंगा परियोजना पर सवाल उठाया गया। कांग्रेस के कुमार केतकर ने सदन में शून्यकाल के दौरान यह विषय उठाते हुए कहा कि सरकार ने कहा था कि इस परियोजना के तहत गंगा को वर्ष 2019 तक पूरी तरह स्वच्छ कर दिया जायेगा लेकिन गंगा की हालत अभी भी बहुत खराब है। उन्होंने कहा कि इसके लिए बनायी गयी संस्था की अध्यक्षता स्वयं प्रधानमंत्री कर रहे हैं इसके बावजूद हालत सही नहीं है। सदस्य ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान गंगा शव वाहिनी की तरह दिखाई दी। उन्होंने कहा कि गंगा को साफकरने के लिए पैसा खर्च करने के बजाय पूजा पाठ पर खर्च ज्यादा किया जा रहा है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सूर्योदय

उदय : 6:28 प्रात:

अस्त : 5:32 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,926,007,310

भारत : 1,402,209,690

बाजार

सेंसेक्स : 58465.97

निफ्टी : 17463.80

गोल्ड : 49,540 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 62,560 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 4.66 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	31.2	14.6
बिलासपुर	28.8	12.0
जगदलपुर	30.3	11.4
अंबिकापुर	24.3	09.2

आज का दिवस

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस: भारत में 10 फरवरी को प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के रूप में मनाया जाता है इसका उद्देश्य है कि भारत के प्रत्येक बच्चे को पेट के कीड़ो से मुक्त कराया जाना है। देश में हर बच्चे को कृमि मुक्त करने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की एक पहल है। यह छोटी अवधि के दौरान बड़ी संख्या में बच्चों तक पहुंचने वाले बड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों में से एक है।

हिजाब विवाद: हाईकोर्ट में नहीं निकला हल, अब बड़ी बेंच सुनवाई करेगी

बेंगलुरु में लगी धारा 144

बेंगलुरु (ए.)। कर्नाटक में स्कूल और कॉलेजों में मुस्लिम छात्राओं के हिजाब पहनने पर जारी विवाद का हल आज भी नहीं निकल सका है। कर्नाटक हाई कोर्ट में आज लगातार दूसरे दिन इस मामले की सुनवाई हुई, लेकिन कोई फैसला नहीं आया। जस्टिस कृष्णा दीक्षित की अदालत ने इस मामले को बड़ी बेंच के समक्ष भेजने का फैसला लिया है। केस की सुनवाई कर रही बेंच ने कहा कि इस मामले को बड़ी बेंच के समक्ष भेजा जाना चाहिए। हालांकि दोनों पक्षों ने कहा कि इस मामले को भले ही ऊपर भेजा जाए, लेकिन मामले का जल्दी ही हल निकलना चाहिए। इस बीच कर्नाटक में उडुपी,

शिमोगा, बेंगलुरु समेत सभी शहरों में शांति बनी रही।

राज्य सरकार बोली- हम यूनिफॉर्म पर फैसला नहीं ले सकते, संस्थानों को अधिकार: बेंगलुरु प्रशासन ने छात्रों और छात्राओं से कहा है कि वे स्कूल और कॉलेज के आसपास आंदोलन नहीं ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छात्राओं के वकील ने कहा, फैसला न होने तक मिले राहत

छात्राओं का पक्ष रखने वाले वकील ने कहा कि जब तक हाई कोर्ट इस मसले पर निर्णय नहीं ले लेता है, तब तक के लिए उन्हें हिजाब पहनने के लिए अंतरिम राहत दी जाए। इसका विरोध करते हुए अटॉर्नी जनरल ने कहा कि हिजाब पहनने की अनुमति नहीं दी जा सकती। इस बीच कर्नाटक सरकार ने बेंगलुरु शहर में किसी भी स्कूल, कॉलेज अथवा अन्य शिक्षण संस्थान के 200 मीटर के दायरे में कोई प्रदर्शन करने पर रोक लगा दी है। प्रशासन ने प्रदर्शनों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कर्नाटक हाईकोर्ट में होगी सुनवाई

हिजाब विवाद पर कर्नाटक हाईकोर्ट में बुधवार को भी सुनवाई हुई। हालांकि हाईकोर्ट ने इस केस को बड़ी बेंच में सुने जाने की सिफारिश की है। जस्टिस दीक्षित की बेंच ने यह अनुशंसा की है। बड़ी बेंच अब इस मुद्दे पर विचार करेगी कि क्या स्कूल-कॉलेज किसी मुस्लिम लड़की को हिजाब पहनकर आने से रोक सकते हैं या नहीं। इसको लेकर संवैधानिक और मौलिक अधिकारों से जुड़े तमाम मुद्दों पर हाईकोर्ट की बड़ी खंडपीठ विचार करेगी। स्कूल-कॉलेज परिसर में हिजाब पर पाबंदी से जुड़े मामलों की सुनवाई कर रहे कर्नाटक हाईकोर्ट के एकल न्यायाधीश ने बुधवार को इस मामले को मुख्य न्यायाधीश रितु राज अवस्थी के पास इस राय के साथ भेज दिया कि मुख्य न्यायाधीश मामले पर गौर करने के लिए बड़ी पीठ के गठन का फैसला कर सकते हैं।

नेताओं की टिप्पणियों से और बढ़ा विवाद

गौरतलब है कि हिजाब को लेकर विवाद कर्नाटक से बाहर निकलकर देश के अन्य हिस्सों तक पहुंच गया है। महाराष्ट्र के औरंगाबाद और बीड़ में एआईएमआईएम के नेताओं ने हिजाब के समर्थन में पोस्टर लगाए हैं। इसके अलावा प्रियंका गांधी, उमर अब्दुल्ला समेत कई अन्य नेताओं ने इस मामले को संवैधानिक आजादी से जोड़ा है। वहीं भाजपा के नेताओं का कहना है कि इस पूरे विवाद के पीछे कांग्रेस है।

मौसम अलर्ट : छत्तीसगढ़ के मौसम में बदलाव, दो दिन बारिश की संभावना

आकाशीय बिजली गिरने की भी चेतावनी

रायपुर। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से छत्तीसगढ़ में एक बार फिर मौसम में बदलाव होने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 48 घंटे में प्रदेश के कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार 9 फरवरी शाम से 10 फरवरी तक सरगुजा व बिलासपुर संभाग के जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। वहीं दुर्ग और रायपुर संभाग के उत्तरी भाग में जिलों में 1-2 स्थानों पर हल्की वर्षा हो सकती है। इस दौरान एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी भी मौसम विभाग ने जारी की है।

मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राजस्थान के ऊपर 8 फरवरी को एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा बना है, जिसके पूर्व ■ शेष पृष्ठ 6 पर

उत्तरी भाग में एक दो स्थानों पर हल्की बारिश

एचपी चंद्रा ने बताया कि छत्तीसगढ़ में 9 फरवरी की देर शाम या रात्रि से 10 फरवरी तक हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। 9 फरवरी और 10 फरवरी को सरगुजा संभाग और उससे लगे बिलासपुर संभाग के जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है, जबकि दुर्ग और रायपुर संभाग के उत्तरी भाग में स्थित जिलों कबीरधाम, बेमेतरा, राजनांदगाव, दुर्ग, रायपुर, बलौदाबाजार व महासमुंद में एक दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा व इस अवधि में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है।

पहले चरण के मतदान से पहले सख्त सुरक्षा व्यवस्था, बॉर्डर सील

नई दिल्ली/ए.। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए कल यानी 10 फरवरी को वोट डाले जाएंगे। आज आजम खान के गढ़ रामपुर का सियासी पारा सातवें आसमान पर होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सपा प्रमुख अखिलेश यादव, दोनों ही यहां रैली करने वाले हैं। सीएम योगी भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में पटवाई में जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं, अखिलेश यादव विजय-रथ पर सवार होकर कई क्षेत्रों में मतदाताओं से अपनी पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान की अपील करते नजर आएंगे।

नक्सलियों की साजिश नाकाम

■ फोर्स को नुकसान पहुंचाने सड़क पर प्लांट किया 5 किलो का आईईडी बरामद

कोंडागांव। छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में फोर्स के जवानों ने नक्सलियों की साजिश को नाकाम कर दिया है। जवानों ने 5 किलो का आईईडी टिफिन बम बरामद किया है। एरिया डोमिनेशन एवं डि-माइनिंग पर निकलने वाले जवानों को नुकसान पहुंचाने माओवादियों ने आईईडी प्लांट किया था। बम निरोधक दस्ता ने आईईडी को डिफ्यूज कर दिया है। पुलिस ने पुंगारपाल थाने में नक्सलियों के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। एक दिन पहले ही बीजापुर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पिता की मौत पर विवाहिता बेटी भी नौकरी की हकदार, हाई कोर्ट का फैसला

अगरतला। त्रिपुरा हाई कोर्ट ने कहा है कि अपने पिता की आय पर आश्रित पुत्री भी मृतक आश्रित कोटे के तहत नौकरी की पात्र होगी। मुख्य न्यायाधीश इंद्रजीत मोहंती और न्यायमूर्ति एससी चट्टोपाध्याय की खंडपीठ ने मंगलवार को अपने फैसले में एकल न्यायाधीश का निर्णय बरकरार रखते हुए उसके खिलाफ राज्य सरकार की याचिका खारिज कर दी। खंडपीठ ने कहा कि विवाहित बेटी को मृतक आश्रित कोटे के तहत नौकरी के लाभ से वंचित करना संविधान की भावना के साथ-साथ लैंगिक समानता के खिलाफ है।

गरमा-गरम

एक करोड़ से ज्यादा किशोरों को लगी दोनों डोज

24 घंटे में कोरोना के 71 हजार से ज्यादा नए मामले सामने आए

नई दिल्ली (ए.)। कोरोना महामारी के खतरे के बीच एक राहत बड़ी खबर सामने आई है। केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने जानकारी दी कि एक करोड़ से ज्यादा 15 से 18 आयुवर्ग के लोगों को कोरोना वैक्सीन की दोनों डोज लग चुकी हैं। इस बीच पिछले 24 घंटे में कोरोना के 71 हजार से ज्यादा नए मामले सामने आए थे। आज सुबह स्वास्थ्य विभाग ने मामले में जानकारी दी थी कि देश में रिकवरी रेट 96.70 प्रतिशत हो गया है।

बुधवार को केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि 15-18 आयु वर्ग के एक करोड़ से

अधिक युवाओं को अब तक कोरोना की दोनों डोज लग चुकी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने इसे देश के लिए बड़ी उपलब्धि करार दिया।

गौरतलब है कि बीती 3 जनवरी को देश में 15 से 18 वर्ष के आयुवर्ग के लोगों को वैक्सीन की खुराक लगनी शुरू हुई थी। मात्र 36 दिनों में इस आयु वर्ग के 1 करोड़ से ज्यादा लोगों को कोरोना के दोनों टीके लग चुके हैं। मंडाविया ने जानकारी दी कि राष्ट्रव्यापी टीकाकरण का अभियान जारी है और इसी रफ्तार से जारी रहेगा।

दुर्ग निगम पर भारी पड़ रही है विधायक की 'मंशा'

साफ-सुंदर और सुव्यवस्थित शहर की कल्पना हुई बेमायने

दुर्ग/नवप्रदेश। लम्बे समय से विकास की बाट जोह रहे दुर्ग शहर के लिए आश्वासनों का पिटारा खोलते रहे विधायक अरूण वोरा का रवैय्या हर बार ठेंगा दिखाने वाला रहा हैं। सक्रियता दिखाने के नाम पर वोट बैंक मजबूत करने में जुटे रहने वाले विधायक वोरा का दुर्ग नगर निगम में अत्यधिक हस्तक्षेप शहर पर ही भारी पड़ रहा है। महापौर धीरज बाकलीवाल को काम करने की आजादी नहीं है इसलिए वे विधायक के आगे-पीछे घूमकर ही खुद को तसल्ली दे देते हैं, किन्तु विधायक द्वारा स्वयं को सुपर पॉवर साबित करने और महापौर के सुपर फ्लॉप शो के चलते शहर का बंठाधार हो गया है।

दुर्ग में नया नेतृत्व उभरने नहीं देने की निम्न स्तरीय मानसिकता के चलते न केवल कांग्रेस पार्टी अपितु पूरा शहर ही गर्त की ओर जा रहा है, लेकिन इसकी परवाह न विधायक को है, न महापौर को। दबी जुबान में महापौर अपना दुखड़ा जरूर रोते हैं, किन्तु खुलकर बोलने का साहस उनमें नहीं है। जिस तरह की नपुंसक राजनीति दुर्ग में होती रही है, उसका परिणाम भी दुर्ग भोग रहा है। देखा जाए तो महापौर का पद विधायक से ज्यादा पॉवरफुल है। भले ही दुर्ग नगर निगम और विधानसभा का क्षेत्र एक ही हो, किन्तु महापौर शहर के पालनहार की तरह होता है, जबकि विधायक जनसेवक के रूप में होता है। महापौर चाहे तो शहर के लिए कोई भी विधिसम्मत निर्णय ले सकता है, किन्तु विधायक के पास ऐसी कोई शक्ति नहीं होती। इस लिहाज से विधायक वोरा से ज्यादा शक्तियां महापौर धीरज बाकलीवाल के पास है, किन्तु विडंबना है कि बाकलीवाल, विधायक वोरा के पिछलग्गू बनकर रह गए हैं। यहां तक कि नगर निगम की प्रेस विज्ञप्ति की पहली ही पंक्ति में लिखा होता है - विधायक की मंशानुसार....। इसका सीधा-सीधा अर्थ यही है कि दुर्ग नगर निगम को महापौर धीरज बाकलीवाल नहीं अपितु विधायक अरूण वोरा चला रहे हैं। इसीलिए हर बार विधायक की मंशा का उल्लेख किया जाता है। इसका एक आशय यह भी है कि शहर का जो कबाड़ा पिछले दो वर्षों में हुआ है, उसके लिए प्रत्यक्ष तौर पर न सही, अप्रत्यक्ष तौर पर विधायक ही जिम्मेदार हैं। थोथी घोषणाएं करने के महारथी विधायक कभी पलटकर नहीं देखते कि उन्होंने जो घोषणाएं की है, उनका क्रियान्वयन भी हो रहा है अथवा नहीं।

गौरतलब है कि महापौर का पद स्वतंत्र होता है, किन्तु वर्तमान में इस पद पर आसीन धीरज बाकलीवाल को जरा सी भी स्वतंत्रता नसीब नहीं है। महापौर के पास दक्षता होनी चाहिए कि वे स्वयं शासन स्तर पर पहल करे और विकास कार्यों के लिए राशि स्वीकृत कराए। पूर्ववर्ती महापौर ऐसा करते भी रहे हैं, किन्तु विधायक के पीछे रहने की वजह से वे खुद होकर कुछ भी करने में सक्षम नहीं है। हाल ही में जब ठगड़ा बांध के अटके हुए काम के लिए बजट की दिक्त आई तब भी विधायक अरूण वोरा, महापौर को अपने साथ लेकर मंत्रालय गए।

शासकीय लरंगसाय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय पर लगा भेदभाव का आरोप

कक्षा में टेबल कुर्सी टूटा फूटा लगवाने का मामला

रामानुजगंज/नवप्रदेश। शासकीय लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय एक बार फिर से सुर्खियों में नजर आया। जहां आज रामानुजगंज शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बीकॉम फाइनल ईयर के छात्र छात्राओं के द्वारा महाविद्यालय प्रबंधन के द्वारा भेदभाव बरतने का आरोप लगाते हुए टेबल बैंच टूटा फूटा कक्षा लगवाए जाने की बात कहते हुए आज कक्षा से टेबल कुर्सी बाहर किया।

बीकॉम फाइनल ईयर के छात्र उपेन्द्र यादव ने बताया कि हमारी कक्षा में 35 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत है दूसरे संकायो में टेबल कुर्सी अच्छा लगा है वही हमारी कक्षा में टेबल कुर्सी टूटा फूटा लगवा दिया गया है इसके लिए हम लोगों ने तीन तीन बार महाविद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा टेबल कुर्सी बदलवाय जाने की मांग की परंतु टेबल बैंच नहीं बदला गया जिससे हम सभी को यह पढ़ने में काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है आज हम लोगों के द्वारा कक्षा में सभी टूटे-फूटे टेबल बेंच को कक्षा से बाहर किया गया। बीकॉम फाइनल ईयर के छात्र छात्राओं ने महाविद्यालय के प्रचार्य से टेबल बेंच की व्यवस्था पढ़ने के लिए कराए जाने की मांग की। वाणिज्य संकाय के छात्र छात्राओं ने कहा की विज्ञान एवं कला के छात्र छात्राओं के लिए लाइब्रेरी में पुस्तक है वही हम लोगों के संकाय के लिए की पुस्तकें नहीं है।

विधायक व महापौर ने किया पटरीपार में सीमेंटीकरण सड़क कार्य का भूमिपूजन

भूमिपूजन के दौरान पटरीपार के नागरिको ने विधायक व महापौर का किया आभार व्यक्त

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर निगम के सीमा अंतर्गत वार्ड क्र. 19 6 लाख 78 हजार रूपये के विकास कार्य की सौगात वार्ड के नागरिको दी। शहर विधायक अरुण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने वार्ड पार्षद काशीराम रात्रे के साथ विकास कार्यो का भूमिपूजन किया गया। इस मौके पर एमआईसी प्रभारी श्रीमती जयश्री जोशी,पार्षद सतीश देवांगन,अमित देवांगन, श्रीमती निर्मला साहू,श्रीमती ठाकुर, एल्डरमेन हरीश साहू,प्रभारी कार्यपालन जितेंद्र समैया,उपअभियंता पंकज साहू, महामंत्री पप्पू श्रीवास्तव,विकास यादव,श्रीमती नीलू सिंह के अलावा बड़ी संख्या में वर्डनागरिक उपस्थित थे।निगम दुर्ग द्वारा वार्ड 19 में 6 लाख हजार रूपये की लागत से पटरीपार के नागरिको को मिलेगी सड़क की सुविधा, सीमेंटीकरण सड़क रज्जू किराना स्टोर्स और साई मेडिकल दुकान के पास तक निर्माण कराया जाना हैं।जिससे पटरी पार के नागरिको बड़ी सुविधा मिलेगी।

चंदूलाल चंद्राकर के पूर्व कर्मियों को मिलेगा न्याय

प्रशासन की पहल के बाद खत्म हुआ आंदोलन

दुर्ग/नवप्रदेश। विगत कई दिनों से अनशन कर रहे चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज के भूतपूर्व कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप् हो गई है। कलेक्टर की पहल पर हुई बैठक के बाद आंदोलनरत् कर्मियों में न्याय की उम्मीद जगी है। उक्त बैठक में कुल 5 बिंदुओं पर चर्चा हुई। इनमें सबसे प्रमुख मुद्दा पूर्व कर्मियों की विस्तृत जानकारी जुटाने और उन्हें रोजगार प्रदान करने शासन से अभिमत मांगने का निर्णय लिया गया।

चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज का शासकीयकरण करने के चलते यहां कार्यरत् कर्मचारी प्रभावित हुए थे। इनमें से कई कर्मचारी काफी लम्बे समय से यहां अपनी सेवाएं दे रहे थे। शासकीयकरण की प्रक्रिया के चलते बहुत सारे कर्मचारियों को हटा दिया गया। नतीजतन रोजगार से प्रभाति इन कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रारम्भ की थी। यह हड़ताल काफी दिनों से चल रही थी। गत दिवस कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आंदोलनरत् इन कर्मचारियों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की। बैठक में कुल 5 बिदुओं पर चर्चा कर निर्णय लिया गया। इसके मुताबिक, मेडिकल कालेज कचांदुर के सभी भूतपूर्व कर्मचारियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत किये जाने का निर्देश प्रतिनिधिमंडल को दिया गया। वहीं प्रस्तुत की जाने वाली जानकारियों में कर्मचारी का नाम, पदनाम, संस्था, पदभार ग्रहण करने की तिथि, मोबाइल नम्बर, स्थायी पता, उम्र, शैक्षणिक योग्यता, पूर्व में प्राप्त अनुमानित वेतन के साथ ही मेडिकल कालेज का नियुक्ति पत्र समेत अन्य जानकारियां अलग-अलग प्रस्तुत करने को कहा गया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रस्तुत जानकारियों से संबंधित एक विस्तृत प्रतिवेदन तैयार किया जाएगा और इसे शासन को भेजा जाएगा, ताकि भूतपूर्व कर्मचारियों के रोजगार के संबंध में उचित निर्णय लिया जा सके। साथ ही भूतपूर्व कर्मचारियों का आंदोलन तत्काल प्रभाव से समाप्त करने का भी फैसला लिया गया। कर्मचारियों के साथ प्रशासन की हुई बैठक के बाद भूतपूर्व कर्मियों में रोजगार को लेकर एक नई आस जगी है।

बृहस्पति बाजार 8 सीसीटीवी कैमरों से हुआ लैस, चोरों पर होगी नजर

बिलासपुर/नवप्रदेश। बृहस्पति बाजार में आये ग्राहकों की बाइक, स्कूली एवं अन्य सामान की चोरी पर पूर्ण रूप से लगाम लगाने हेतु मिशन सिक्योर सिटी के तहत पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रतन लाल डांगी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बिलासपुर पारुल माथुर के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश कश्यप एवं सिटी पुलिस अधीक्षक सिविल लाइन मंजुलता बाज मार्गदर्शन पर बृहस्पति बाजार व्यापारी संगठन के अध्यक्ष एवं सदस्य गणों से सीएसपी सिविल लाइन एवं थाना प्रभारी सिविल लाइन के द्वारा सीसीटीवी कैमरा लगवाने हेतु चर्चा उपरांत सहमति मिलने पर, उनके साथ-साथ बाजार के आसपास के व्यापारियों से भी चर्चा कर जनसहयोग से 8 सीसीटीवी कैमरा लगाया गया। उक्त सीसीटीवी कैमरा लगने से चोरी की घटना के साथ साथ अन्य छोटी बड़ी घटना में भी आरोपी तक पहुंचने में सहयोग मिलेगा व बाजार में आये ग्राहकों का बाइक स्कूटी आदि चोरी नही होगा।

उक्त सीसीटीवी कैमरा को आज बुधवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश कश्यप के द्वारा बृहस्पति बाजार सब्जी मंडी अध्यक्ष श्याम कुमार साहू ,सन पेंट के संचालक अनिल कुमार मतलानी के साथ लगे सभी सीसीटीवी कैमरा का टेस्टिंग किया गया, बिलासपुर पुलिस व्यपारियों एवं कॉलोनीवासियों से अनुरोध करता है कि सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरा अपने-अपने परिसर में लगावे ताकि किसी भी प्रकार की घटना को रोकने के सहयोग मिल सके।

अवैध होर्डिंग के खिलाफ अभियान का दूसरा दिन होर्डिंग पर चला जेसीबी

- कल भी कार्रवाही होगी, अभियान लगातर जारी रहेगी
- विज्ञापन एजेंसी को निगम की सख्ती का हुआ असर स्वयं कटर से कटवा रहे होंडिंग है

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम आयुक्त हरेश मंडावी के निर्देश पर आज बुधवार निगम अमले ने जी.ई.रोड बीआईटी कॉलेज के पास सड़क किनारे में बड़े अवैध होंडिंगो पर नगर निगम ने कार्रवाई कर जेसीबी से तोड़कर हटवाया गया। विज्ञापन एजेंसी द्वारा निगम की सख्ती दिखाए जाने पर स्वयं कटर के माध्यम से अपना होंडिंग को कटवाकर रख रहे है। निगमायुक्त के निर्देश शहर में बीआईटी कॉलेज से लेकर मिनी माता चौक तक जितने भी अवैध होंडिंग लगे हुए है उसको हटाने के लिए निर्देशित किया है। नगर पालिक निगम बाजार विभाग,राजस्व विभाग, अतिक्रमण व उड़नदस्ता अमले ने आज कार्रवाही का दूसरा दिन भी जीईरोड बीआईटी कॉलेज सड़क किनारे बड़े एवं छोटे अवैध होंडिंग को जेसीबी से हटावाया। इस मौके पर अतिक्रमण विभाग अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, उड़नदस्ता अधिकारी शिव शर्मा,सहायक प्रभारी ईश्वर वर्मा,शशिकांत यादव,भुवान दास साहू,दीपक निषाद,राजेश दग्गर,मन्नी मन्हारे, के अलावा अमला मौजूद थे। आयुक्त हरेश मंडावी के सख्त निर्देश पर अमले ने जी.ई रोड पर स्थापित अवैध होंडिंग को हटाया गया।जी.ई रोड पूर्व में दीपक जैन दीपक एडवटाइस्मेंट को शहर से होडिंग हटाने के लिए नोटिस जारी किया गया था। बीआईटी कॉलेज से लेकर मिनी माता चौक तक अवैध होंडिंग पर कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए साढ़े 8 लाख रूपए का अनुदान

मनेन्द्रगढ़। भरतपुर-सोनहत विधायक गुलाब कमरो की पहल पर राज्य सरकार ने भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र के प्रसिद्ध व प्राचीन मंदिरों के जीर्णोद्धार कार्य हेतु साढ़े 8 लाख रूपए का अनुदान आवंटित किया है। धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग द्वारा अनुदान आवंटन से संबंधित आदेश जारी कर दिए गए हैं। स्वीकृत राशि से ग्राम पंचायत ओदारी स्थित महामाया मंदिर, ग्राम पंचायत कुशहा के सीता कुण्ड एवं पोड़ी स्थित केतकीझरिया मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु पृथक-पृथक डेढ़-डेढ़ लाख रूपए तथा ग्राम पंचायत कटगोड़ी में यात्री प्रतीक्षालय के पीछे स्थित शिव मंदिर एवं ग्राम पंचायत घुघरा के ग्राम देवता मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु 2-2 लाख कुल साढ़े 8 लाख रूपए का अनुदान आवंटित किया गया है। विधायक गुलाब कमरो ने कहा कि मंदिर हमारे प्राचीन धरोहर हैं। हमारे ग्राम देवालय एवं प्राचीन मंदिरों के मरम्मत हेतु पूर्व सरकार ने कभी कोई पहल नहीं की, लेकिन भरतपुर-सोनहत के अधिकांश प्राचीन मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए अब तक 50 लाख से अधिक की राशि संपूर्ण प्रदेश के विकास के लिए कृतसंकल्पित भूपेश सरकार के द्वारा उपलब्ध कराई जा चुकी है।





सीएम ने किया अमर शहीद गुण्डाधुर की प्रतिमा का वर्चुअल लोकार्पण

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भूमकाल दिवस के एक दिन पहले आज अपने रायपुर निवास कार्यालय से नगर पालिका कांकेर के घड़ी चौक में स्थापित अमर शहीद गुण्डाधुर की प्रतिमा का वर्चुअल लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने अमर शहीद गुण्डाधुर को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने बस्तर में भूमकाल आंदोलन का नेतृत्व किया। भूमकाल आंदोलन सन् 1909 में प्रारंभ हुआ था। यह आंदोलन आदिवासियों के स्वाभिमान, आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन तथा आदिवासियों की स्वतंत्रता की लड़ाई थी। उन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद अंग्रेजों से लोहा लिया। वो अंग्रेजों के सामने झुके नहीं। उन्होंने आदिवासी समाज को जोड़ा।

मुख्यमंत्री ने अमर शहीद गुण्डाधुर की प्रतिमा का किया वर्चुअल लोकार्पण

विधानसभा के उपाध्यक्ष मनोज मंडावी रायपुर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में जुड़े। संसदीय सचिव शिशुपाल सोरी, नगरपालिका कांकेर अध्यक्ष सरोज ठाकुर, जिला पंचायत कांकेर अध्यक्ष हेमन्त ध्रुव सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पार्षद, गोंडवाना समाज के अनेक पदाधिकारी और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक इस अवसर पर कांकेर में उपस्थित थे।

सीएम बघेल ने कहा कि 1857 की क्रांति के पहले ही परलकोट के राजा अमर शहीद गैंद सिंह ने 1925 में अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह का बिगुल फूंका। 1857 की लड़ाई में अमर शहीद वीर नारायण सिंह ने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई छेड़ी थी। हमारे इन जननायकों ने अपनी आजादी को किसी भी कीमत पर गिरवी नही रखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की आजादी की लड़ाई में हमारे इन वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का अमूल्य योगदान जिस तरह रेखांकित होना था, वैसा रेखांकित नही हो पाया। अब हमारा आदिवासी समाज जागृत हो रहा है और इन वीरों के योगदान को रेखांकित करने के साथ उनका स्मरण कर रहा है।

वर्चुअल लोकार्पण

राज्य सरकार ने आदिवासियों के हित में उठाए अनेक कदम

मुख्यमंत्री बघेल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने आदिवासियों के हित में अनेक कदम उठाए हैं। जमीन वापसी, किसानों की ऋण माफी के साथ वनवासियों को वन अधिकार देने का काम राज्य सरकार द्वारा किया गया। वनोपजों की समर्थन मूल्य पर खरीदी और उनके वेल्यू ऐडिशन के साथ कोदो, कुटकी और रागी की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा रही है। इन कार्यो से ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हो रही है।

इनके साथ-साथ आदिवासी अंचलों में शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के बेहतर उपाय किए गए हैं। बच्चों को शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रारंभ किए गए। बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है, जरूरत उन्हें अच्छे अवसर उपलब्ध कराने की है। उन्होंने कहा कि हमारे आदिवासी भाई अस्पताल नहीं जाते हैं, इसलिए हाट बाजार क्लिनिक योजना प्रारंभ की गई, जिसका यह सुखद परिणाम रहा कि बस्तर में उल्टी, दस्त और डायरिया के प्रकरण में कमी आई।

बस्तर में मलेरिया के मामले में आई उल्लेखनीय कमी

सीएम ने कहा कि बस्तर में मलेरिया उन्मूलन अभियान से मलेरिया के मामले में भी उल्लेखनीय कमी आई है। राज्य सरकार ने कुपोषण से लड़ने के लिए मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान प्रारंभ किया, जिससे बच्चों और महिलाओं में कुपोषण कम हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का यह प्रयास है कि बस्तर के लोग शारीरिक रूप से सशक्त हों, शैक्षणिक और आर्थिक रूप से मजबूत हों, इसके साथ उन्हें अधिकार मिलें, तो वे और आगे तरक्की करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने अमर शहीद गुण्डाधुर की स्मृतियों को चिरस्थाई बनाने के लिए कांकेरवासियों द्वारा उनकी प्रतिमा की स्थापना के कार्य की सराहना की।

कार्यक्रम से वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़े विधानसभा के उपाध्यक्ष मनोज सिंह मण्डावी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि भूमकाल क्रांति के महानायक अमर शहीद गुण्डाधुर ने आजादी के 37 साल पहले सन् 1910 में बस्तर जैसे वनांचल क्षेत्र में अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई छेड़ी, जिनके कब्जे में पूरा देश था। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में आदिवासियों के समग्र विकास और उनकी संस्कृति और परम्पराओं के संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यो का विस्तार से उल्लेख किया।

भूमकाल आंदोलन आदिवासियों के स्वाभिमान, जल, जंगल, जमीन

आदिवासी समाज समेत पूरे बस्तर को करेंगे गौरवान्वित

कांकेर में कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित संसदीय सचिव शिशुपाल सोरी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि बस्तर के प्रवेश द्वार कांकेर में आज स्थापित की जा रही अमर शहीद गुण्डाधुर की प्रतिमा (Launch) आदिवासी समाज सहित सम्पूर्ण बस्तर को गौरवान्वित करेगी। उन्होंने कहा कि बस्तर के शूरवीरों ने आजादी की अलख जगाई और सारे समाज को एक सूत्र में पिरोया।

न्यूज गैलरी

डॉ त्रिवेदी 2 वर्षों तक कोरोना मरीज़ों के बीच रहने के बाद भी नहीं हुए संक्रमित

रायपुर/नवप्रदेश। कोरोना की शुरूआत से आज दिनांक तक संक्रमित मरीजों का इलाज करने वाले डॉ. उत्कर्ष त्रिवेदी ने एक रिकार्ड कायम किया है। दरअसल वे आज तक कोरोना संक्रमित नहीं हुए है। बता दें कि राजधानी रायपुर के डॉ. उत्कर्ष त्रिवेदी कोरोना की पहली लहर से ही संक्रमित मरीजों का इलाज कर रहे है। उनके दो छोटे बच्चे हैं, इस बात का भी उन्हें कभी भय नहीं सताया। मरीजों का कहना है कि उनके पास इलाज कराने के लिए जाने से उनमें? जीवन जीने की चाह बढ़ जाती है। इसका कारण उनका मरीजों के साथ अपनापन है। उन्होंने अपनी होमियोपैथिक चिकित्सा के माध्यम से लगभग 20000 से अधिक कोरोना संक्रमितो का इलाज अपने पास बिठाकर किया। उन्हें छूकर उनसे बात करके दवाइयों के उपचार के साथ साथ मरीजो को मानसिक रूप से मज़बूत कर इस बीमारी से लड़ने का हौसला भी बढ़ाया। ऐसे कई मरीज़ थे कोरोना काल में जिनका ऑक्सीजन लेवल 60 ,65 तक गिर चुका था। वैसे लोग भी आज पूर्ण रूप से स्वस्थ है।

महिला की मिली लाश, मामला दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर से सटे मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में महिला की लाश मिलने से सनसनी फ़ैल गई। जानकारी के मुताबिक ग्रामीणों ने पालोद मोड़ के पास महिला की लाश मिलने की सूचना पुलिस को दी है। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंच गई है। और लोगों से पूछताछ कर रही है। वही मौके पर मौजूद एक अधिकारी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद भी सबकुछ स्पष्ट होगा। आसपास के लोगों से पूछताछ कर जांच की जा रही है। और लाश को पोस्टमार्टम के लिए

समर्थन मूल्य पर अब 61 लघु वनोपजों की खरीदी

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप प्रदेश के वनवासियों के हित को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में वर्तमान में समर्थन मूल्य पर 61 लघु वनोपजों की खरीदी की जा रही है। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर ने बताया कि इस तरह छत्तीसगढ़ में लगभग तीन वर्ष में समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए लघु वनोपजों की संख्या 7 से बढ़ाकर 61 कर दी गई है।

तीन वर्ष में लघुवनोपजों की संख्या 7 से बढ़ाकर की 61 गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में निर्धारित समर्थन मूल्य के तहत 52 से बढ़ाए गए 61 लघु वनोपजों में हर्रा बाल, महुआ फूल कच्चा (फूड ग्रेड), झाड़ू छिंद (घास), कोदो, कुटकी (काला), कुटकी (भूरा), रागी, अमचूर (सफेद) तथा अमचूर (भूरा) नवीन लघु वनोपज शामिल है।

निर्धारित समर्थन मूल्य के अनुसार इनमें हर्रा बाल 30 रूपए, महुआ फूल कच्चा (फूड ग्रेड) 10 रूपए , झाडू छिंद (घास) 15 रूपए, कोदो 30 रूपए, कुटकी (काला) 30 रूपए, कुटकी (भूरा) 30 रूपए, रागी 33.77 रूपए, अमचूर (सफेद) 120 रूपए तथा अमचूर (भूरा) 80 रूपए प्रति किलोग्राम की दर पर खरीदी की जाएगी। इस संबंध में प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ संजय शुक्ला ने बताया कि राज्य में वर्तमान में समर्थन मूल्य के अंतर्गत खरीदी की जा रही लघु वनोपजों में संग्रहण दर मालकांगनी बीज (सूखा) 100 रूपए, बायबडिंग 94 रूपए, कालमेघ/भूईनीम (सूखा) ग्रेड-1-35 रूपए, कालमेघ/भूईनीम (सूखा) ग्रेड-2- 31.50 रूपए, आंवला (बीज रहित) सूखा 57 रूपए प्रति किलोग्राम निर्धारित है।

इसी तरह रंगीनी लाख/छिली लाख (सूखा) 220 रूपए, रीठा फल (सूखा)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
नगर निगम मुख्यालय नया प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर (छ.ग.)
फोन : 0771-25355780, फैक्स:0771-227395
ई मेल : dcrmc@reddiffmail.com
ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना
नामांतरण प्र.क्र. 302/2021-22
... उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन के संबंध में किसी को कोई दावा आपत्ति हो तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-2436320
email ID: eocghbzone2@gmail.com
आम सूचना
... अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्धशासकीय संस्था, निकाय बैंक तथा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, रायपुर

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com
आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ... उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com
आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ... उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com
आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ... उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
नगर निगम मुख्यालय नया प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर (छ.ग.)
फोन : 0771-25355780, फैक्स:0771-227395
ई मेल : dcrmc@reddiffmail.com
ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना
नामांतरण प्र.क्र. 301/2021-22
... उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र. अ/6 (अ) वर्ष 2021-22
ग्राम- पटपर प.ह.नं. 39
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता आवेदक सुरेश कुमार मंधानी पिता अमरलाल मंधानी निवासी सदर बाजार वार्ड, भाटापारा तहसील जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम पटपर प.ह.नं. 39 रा.नि.मं. पटपर तहसील भाटापारा में स्थित भूमि के नकल लेने पर ज्ञात हुआ कि कम्प्यूटरीकृत भुईयां राजस्व अभिलेख में खसरा नं. 182/1, 182/4, 182/5, 182/10, 1182/6ख, 182/8 का टु. रकबा 0.015 हे. भूमि के खसरा नंबर आन लाईन अभिलेखों में नाम पर दर्ज नहीं है, जबकि आवेदक उपरोक्त भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख से क्रय कर राजस्व अभिलेख में नामांतरण क्रमांक 323 आदेश दिनांक 04/06/2011 को पंजीकृत विक्रय विलेख से क्रय कर काबिज चले आ रहे है, जिसका भू अधिकार पुस्तिका पी-1357748 नामांतरण दर्ज पश्चात ...
... हेतु नियत दिनांक 25.02.2022 को स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निश्चित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
अतः उपरोक्त उद्घोषणा आज दिनांक 01.02.2022 को मेरे हस्ताक्षर वो न्यायालय के पद मुहर से जारी किया गया है।
सील तहसीलदार
भाटापारा (छ.ग.)

न्यायालय नजूल अधिकारी, जिला कबीरधाम (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र. 202201082200018
अ/20 (4) / 2021-22
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भगवान बिहारी पिता रमेश कुमार साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम ने ग्राम कवर्धा प.ह.नं. 03 रा.नि.मं. कवर्धा जिला कबीरधाम स्थित भूमि ख.नं. 423/56 रकबा 0.0210 हे. जो कि आवेदक के नाम पर पटवारी रिकार्ड में दर्ज है। जिसमें से आवेदक द्वारा क्षेत्रफल 60.50 वर्गमीटर पर ग्राउण्ड फ्लोर आवासीय प्रयोजन हेतु संलग्न नक्शे के अनुसार पक्का मकान (भवन) निर्माण किए जाने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र ...
... कर सकते हैं। अतः आज दिनांक 11/02/2022 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।
जारी दिनांक 12/01/2022
पेशी दिनांक 11/02/2022
सील नजूल अधिकारी
कबीरधाम

न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक 202202092200025
विषय-अ-6 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2021-22
पीपरखारखुर्द (प.ह.नं. 00022)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार - बैसाखू उर्फ कवलराम,
अनावेदक पक्षकार -
ईश्तहार
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री बैसाखू उर्फ कवलराम आ. सरजूराम धुर्वे जाति गोंड निवासी ग्राम पीपरखारखुर्द तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के शामिलात शरीक में ग्राम पीपरखारखुर्द प.ह.नं. 22 रा.नि.मं. बेलगांव तहसील डोंगरगढ़ स्थित खसरा नं. 53/5, 92/1, 92/3, 92/4 रकबा क्रमशः 0.134, 0.117, 0.081, 951 हे. कुल खसरा नं. 04 कुल रकबा 1.283 हे. भूमि स्थित है। ...
... को उजर या आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 21/02/2022 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से आज दिनांक 02/02/2022 को जारी किया जाता हैं।
सील तहसीलदार
डोंगरगढ़ (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com
आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा कालोनी बेलभाठा (अभनपुर) जिला रायपुर में स्थित अटल आवास योजनांतर्गत निर्मित अटल आवास भवन क्र.-540 श्री छन्नु सिंह क्षत्रिय पिता श्री गैंद सिंह क्षत्रिय के नाम पर इस कार्यालय के आबंटन आदेश क्र. 4165 दिनांक 19.06.2009 के माध्यम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर दिनांक 04.09.2009 को लीजडीड पंजीकृत करा लिया गया है। मूल आबंटी श्री छन्नु सिंह क्षत्रिय पिता श्री गैंदसिंह क्षत्रिय निवासी-मेन रोड गोगांव, रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) की मृत्यु दिनांक 10.04.2021 को हो जाने के कारण उनकी पत्नि श्रीमती जय भारती ठाकुर पति स्व. श्री धन्नु सिंह क्षत्रिय निवासी-मेन रोड गोगांव ...
... उक्त भवन का मृत्यु उपरांत नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी।
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com
आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा कालोनी सेजबहार जिला रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजनांतर्गत एलआईजी भवन क्र. 1108 सुश्री रश्मि श्रीवास्तव पिता श्री आर.एन. श्रीवास्तव के नाम पर इस कार्यालय का आबंटन आदेश क्र. 3681 दिनांक 11.10.2012 के माध्यम से एकमुश्त आधार पर आबंटित है। वर्तमान में आबंटी सुश्री रश्मि श्रीवास्तव पिता श्री आर.एन. श्रीवास्तव निवासी- म.नं. एम-46, ग्रुप-4 कुशाभाऊ ठाकुर परिसर, न्यू राजेन्द्र नगर सिहानी बर्तन के सामने, रविग्राम तेलीबांधा रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्रीमती किरण रवि पति श्री इन्द्रजीत रवि निवासी- ग्राम मेधुली पोस्ट चाकी, जिला बलरामपुर (छ.ग.) के पक्ष में विक्रय ...
... हेतु अनुमति प्रदान करने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग
उद्घोषणा
अ-06/ वर्ष 2021-22
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कुश बख्तियार पिता रामचंद्र बख्तियार निवासी ग्राम जीवन नगर तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 38/3/2, 38/3/3, 38/3/4, 38/3/5, 38/3/6 रकबा 0.050 हे. भूमि को विक्रेता श्रीमती पूनम नरेश पति विष्णु कुमार नरेश निवासी ग्राम दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 20/1/21 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में ...
... लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 31/1/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
सील तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र
चुरामन सिंह चन्द्राकर आ. भुनेश्वर लाल चंद्राकर
रजिस्ट्रेशन नं.- 202201100400293
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री चुरामन सिंह चंद्राकर आ. श्री भुनेश्वर लाल चंद्राकर, म.नं. 47, सड़क 01 प्रगतिनगर रिसाली भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र 59 छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।
अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह. व जिला दुर्ग	676/79	0.010 हे 1200 वर्गफीट	आवासीय

... यह उद्घोषणा आज दिनांक 25/01/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
दुर्ग, जिला दुर्ग

कार्यालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
व्यक्तिगत सूचना
रा.प्र.क्र.202111101000026
अ-6/ वर्ष 2021-22
प्रति,
श्रीमती प्रभा बाई पति प्रभाकर
निवासी भिलाई
एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक-राजू काशीराम पाटिल पिता के.बी. पाटिल निवासी-शांति नगर सुपेला भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 19 स.नि.म. कोहका, तहसील व जिला दुर्ग की भूमि ख.न. पुराना 451/42,451/43 रकबा 0.014,0.014 हे. नया खसरा न. 5337 व 5338 बना वर्तमान राजस्व अभिलेख विक्रेता प्रभा बाई पति प्रभाकर के नाम पर दर्ज है। जो त्रुटिपूर्ण है। वर्तमान में आवेदिका की माता क्रेता वत्सला बाई पति के.बी. पटेल की मृत्यु दिनांक 24/05/2006 को हो गया है। ...
... आज दिनांक 16/02/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।
अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर

न्यायालय तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला क्रमांक 202201100900094/202201100900094
विषय-अ-6 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2021-22
सेलूद प.ह.नं. 00027 [743(0.0500 हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार - अशोक बंछोर
अनावेदक पक्षकार -
ईश्तहार
एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम सेलूद प.ह.नं. 27 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक अशोक बंछोर पिता केजूराम बंछोर निवासी सेलूद द्वारा अनावेदकगण केजूराम बंछोर आ. शिवसिंग के हक के स्वामित्व भी निवासी ग्राम सेलूद हल्का नं. 27 स्थित भूमि ख.न. 743 रकबा 0.65 हे. को केजूराम के नाम पर दर्ज है। कूजूराम का दिनांक 10.04.2018 को फौत हो जाने से उनका नाम विलोपित कर सभी पक्षकर अपना नाम फौती ...
... यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से आज दिनांक 25/01/2022 को जारी किया जाता है।
सील तहसीलदार
पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला क्रमांक 202202100900020/202202100900020
विषय-अ-6 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2021-22
मटंग (प.ह.नं. 00029)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार - सदाराम
अनावेदक पक्षकार -
ईश्तहार
एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम मटंग प.ह.नं. 29 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक सदाराम आ. धनुक निवासी मटंग द्वारा ग्राम मटंग प.ह.नं. 29 तहसील पाटन कृषि भूमि ख.नं. 124, 948/3, रकबा क्रमश. 0.21, 0.38 हे. संयुक्त खाते भूमि का खाता विभाजन किये जाने हेतु प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। ...
... यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से आज दिनांक 09/02/2022 को जारी किया जाता है।
सील तहसीलदार
पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला क्रमांक 202202101000098/202202101000098
विषय-अ-6 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2021-22
जामुल प.ह.नं. 00018 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार - तीरथ राम साहू
अनावेदक पक्षकार -
ईश्तहार
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक तीरथ राम साहू पिता धनुषराम साहू पता भिलाई द्वारा ग्राम जामुल प.ह.नं. 18 रा.नि.म. जामुल तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.नं. 101/2, 101/4, 101/5, 101/6, 101/7, 101/8 का नक्शा ऑनलाईन में जेड शमिल दिखा रहा है जिसे सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। ...
... यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से आज दिनांक 09/02/2022 को जारी किया जाता है।
सील अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग
उद्घोषणा
प.नं. 202202100400022
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मल्लू सोनी आ. मंगीलाल सोनी निवासी गिरधारी नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम-दुर्ग प.ह.नं. 16/24 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 729/52 रकबा 0.007 हे. वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा. सं. की धारा 59 (2) के तहत पुर्न निर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।
अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के ...
... यह उद्घोषणा आज दिनांक 01/02/2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।
सील अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र. 202201100700269
अ-6/2021-22
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जितेन्द्र कुमार देवांगन पिता स्व. राजू लाल देवांगन निवासी ग्राम मठपारा, दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 946/2 रकबा 0.0180 हे. भूमि को विक्रेता सुखनंदन लाल पिता स्व. सुंदरलाल निवासी ग्राम गिरधारी नगर दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 21.02.22 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। ...
... आज दिनांक 22/01/2022 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
जारी दिनांक 22/01/2022
सुनवाई दिनांक 11/02/2022
सील तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र./...../अ-27/2021-22
